# इब्राहीम की वंशावली

सामन्यतः अधिकांश लोग इब्राहीम के सन्तान के रूप में केवल इसहाक को जानते हैं जो सारा से उत्पन्न हुआ था, और कुछ लोग इश्माइल के विषय में जानते हैं जो हाजिरा से उत्पन्न हुआ था। किन्तु उत्पत्ति २५:६ के अनुसार इब्राहीम की रखेलियाँ भी थीं जिनसे सन्तानें उत्पन्न हुई थीं। इन रखैलियों में से एक थी - कतूरा, जिससे इब्राहीम ने विवाह भी किया था और कतूरा से इब्राहीम को ६ पुत्र उत्पन्न हुए। अतः इस प्रकार इब्राहीम के कुल ८ पुत्रों का उल्लेख बाइबल में मिलता है।

उत्पत्ति २५:१ एवं १ इतिहास १:३२ के अनुसार कतिपय विद्वानों का मत है कि सारा के जीवनकाल में ही इब्राहीम ने कतूरा से विवाह कर लिया था। कतूरा से इब्राहीम के ६ पुत्र हुए जिन्हें इब्राहीम ने कुछ सम्पत्ति देकर पूरब देश में भेज दिया था। ये थे - (१) जिम्रान (२) योक्षान (३) मदना (४) मिद्यान (५) यिशबाक (६) शूह। इनमें से कई नामों की पहचान अनेक अरबी जातियों से की गई है। अतः इब्राहीम से परमेश्वर द्वारा की गई वह प्रतिज्ञा पूर्ण हुई जो उत्पत्ति १७:४ में वर्णित है कि इब्राहीम जातियों के समूह का मूल पिता हो जायेगा। इब्राहीम की आयु १७५ वर्ष हुई।

## इब्राहीम के पुत्र

| पुत्र का नाम | पत्नि/रखैल का नाम | बाइबल सन्दर्भ |
|---|---|---|
| इश्माइल | हाजिरा | उत्पत्ति १६:१५ |
| इसहाक | सारा | उत्पत्ति २१:३ |
| (१) जिम्रान (२) योक्षान (३) मदना (४) मिद्यान (५) यिशबाक (६) शूह | कतूरा | उत्पत्ति २५:२ |

## कतूरा से उत्पन्न योक्षान और मिद्यान के वंशज

योक्षान से शबा और ददान हुए और ददान के वंश में अश्शूरी, लतूशी और लुम्मी लोग हुए।

मिद्यान से एपा, एपेर, हनोक, अबीदा और एल्दा हुए।

## इश्माइल के पुत्र

| | |
|---|---|
| (१) नबायोत (२) केदार (३) अदबेल<br>(४) मिबसाम (५) मिश्मा (६) दूमा<br>(७) मस्सा (८) हदर (९) तेमा<br>(१०) यतूर (११) नापीश (१२) केदमा | इश्माइल के १२ पुत्र हुए और इनके नामों पर गाँवों और छावनियों के नाम भी पड़े और ये ही १२ पुत्र अपने-अपने कुल के प्रधान हुए।<br>इश्माइल की आयु १३७ वर्ष हुई। |

इश्माइल के वंशज मिस्र और अरब के क्षेत्रों में बस गये जो उत्पत्ति १७:२० की प्रतिज्ञा को दर्शाते हैं।

प्रॉफसर नवीन गिडियन